दिन—गुरूवार दिनांक— 15 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि— 05 मिनट

राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। स्वतंत्रता के सतहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश भर में जश्न और उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्यारहवीं बार नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। आजादी के महान पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुये प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज वो शुभ घडी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों को त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया। श्री मोदी ने कहा कि हम सदियों की बेडियों को तोड कर आगे बढे हैं। चाहे वह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हो, चाहे शिक्षा क्षेत्र हो, परिवहन क्षेत्र हो या स्वास्थ्य क्षेत्र हो, हम सभी में विश्व की सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल कर आगे बढ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुरानी नालंदा भावना को जगाना होगा। ज्ञान की परंपरा को आगे बढाना होगा। नई शिक्षा नीति दो हजार बीस में भाषा के कारण प्रतिभा के लिए बाधा ना आए इसके प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आज देश रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। श्री मोदी ने एक सौ चलीस करोड भारतीयों की ओर से पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाडियों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे खिलाडी नये संकल्प, नये विश्वास और नये लक्ष्य के साथ आगे बढेंगे। श्री मोदी ने कहा कि देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिक कंधे से कंधे मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बना सकते हैं।

इधर, प्रदेश में भी अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य राजकीय समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया

गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर श्री कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में हर क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार पांच में राज्य में पुलिस बल की संख्या केवल बयालीस हजार चार सौ इक्यासी थी, जो अब बढ़कर एक लाख दस हजार हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में केवल छह सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर ग्यारह हो गयी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंद्रह नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि इस साल और अगले साल में युवाओं को दस लाख की जगह बारह लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी, जिसके लिए पदों का सृजन और बहाली का काम लगातार जारी है। श्री कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लोगों से बिहार को एक खुशहाल राज्य के रूप में विकसित करने के लिए संकल्प लेने की अपील की।

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन ने तिरंगा फहराया। आकाशवाणी पटना के प्रांगण में उप निदेशक आर. के. मिश्रा ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख राज कुमार नाहर और अन्य अधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों, संस्थाओं के कार्यालयों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहाराया गया। विभिन्न जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि हर जगह जश्न का माहौल है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।